# केंद्रीय पुस्तकालय, मैनिट भोपाल

## रिपोर्ट: हिन्दी पुस्तक प्रदर्शनी 2025

दिनांक 15.09.2025

हिन्दी पखवाड़े के अंतर्गत दिनांक 15.09.2025 को केंद्रीय पुस्तकालय मैनिट द्वारा हिंदी पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन श्रीमती डॉ सविता दीक्षित, परामर्शदात्री, हिन्दी राजभाषा समिति, मैनिट भोपाल द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकाशकों तथा पुस्तक विक्रेताओं ने भाग लिया। यहाँ शिक्षा, साहित्य, विज्ञान, संस्कृति, इतिहास, उपन्यास, कविता-संग्रह, धार्मिक ग्रंथ आदि विषयों पर आधारित पुस्तकें प्रदर्शित की गईं।

हिन्दी पुस्तक प्रदर्शनी के अवसर पर केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा पुस्तकालय में उपलब्ध हिन्दी साहित्य संग्रह का भी प्रदर्शन, प्रदर्शनी के माध्यम से किया गया । इसमें पुस्तकालय द्वारा हिंदी भाषा और साहित्य की चुनिंदा एवं लोकप्रिय पुस्तकों को प्रदर्शित किया गया । इस पुस्तक संग्रह को विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा बहुत सराहा गया। पुस्तकालय के हिंदी भाषा और साहित्य संग्रह की प्रदर्शनी हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत 15 से 26 सितम्बर 2025 तक जारी रहेगी।

केंद्रीय पुस्तकालय के संग्रह से प्रदर्शित पुस्तकों की सूची यहां देखी जा सकती है-

https://libcat.manit.ac.in/cgi-bin/koha/opac-shelves.pl?op=view&shelfnumber=59&sortfield=copyrightdate


प्रदर्शनी में, छात्र, छात्राओं और शिक्षकों ने बड़ी उत्सुकता से पुस्तकों का अवलोकन किया। कई विद्यार्थियों और शिक्षकों ने अपनी रुचि के अनुसार पुस्तकों का चयन किया। दोनों ही प्रकार की पुस्तक प्रदर्शनी अत्यंत सफल और ज्ञानवर्धक रही। इसने न केवल पठन-पाठन की आदत को प्रोत्साहित किया, बल्कि हिंदी भाषा और साहित्य के प्रति प्रेम को भी जागृत किया।








WELCOME
AJAY PUBLISHERS & DISTRIBUTORS





z




WELCOME
PUBLISHERS &
DISTRIBUTORS










WELCOME
AJAY